# आकाशवाणी शिमला
## 10.04.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

**मुख्य समाचार**

- सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–चुनावी गारंटियों को लेकर झूठ बोल रहे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।
- भाजपा नेता व विधायक बिक्रम ठाकुर ने पावर कॉरपोरेशन पर लगाया बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप–कांग्रेस नेताओं ने कहा– राजनीतिक रोटियां सेक रही हैं भाजपा।
- प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश ओपन प्लेसिज एक्ट के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने का लिया निर्णय।
- प्रदेश में मौसम ने करवट ली– ऊंची चोटियों पर हिमपात–निचले क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि से लोगों को चिलचिलाती गर्मी से मिली राहत।

**अनुराग ठाकुर**

भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर कांग्रेस की गारंटियों पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेताओं से पूछा की वे बताएं कि सरकार ने कौन सी गारंटियां पूरी की हैं। अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ बिल को ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इसके पास होने से वक्फ बोर्ड को होने वाली कमाई से मुस्लिम जनता का तेजी से विकास हो सकेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अभी तक वक्फ बोर्ड के माध्यम से केवल कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा था, जिसे अब बंद कर दिया गया है।

इस बीच अनुराग ठाकुर ने समीरपुर पहुंचकर अपने पिता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को जन्मदिवस की बधाई दी। इस मौके पर प्रदेशभर से आए भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भी पूर्व मुख्यमंत्री को जन्म दिन की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा ने कई समाज कल्याण के कार्यक्रम भी आयोजित किए।

**बिक्रम ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया है कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन में पिछले कुछ समय से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है जिसमें राजनीतिक लोगों की भी मिली भगत है। बिक्रम ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि ऊना के पेखूवेला सोलर पावर प्लांट और शॉगटॉग हाईडल पावर प्रोजेक्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने इस बारे में सितम्बर 2024 में प्रदेश सरकार को आगाह किया था। अगर सरकार ने उनकी बात सुन ली होती तो आज विमल नेगी जिंदा होते।

**अनिरूद्ध सिंह/धर्माणी/नरेश**

इस बीच ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने भाजपा नेताओं पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दोनों मंत्रियों ने कहा कि विमल नेगी मौत मामले में सरकार विधानसभा में स्थिति स्पष्ट कर चुकी है, ऐसे में भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आरोपों को बार–बार दोहराने से

वह सच नहीं होंगे। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहाकार नरेश चौहान ने भी विमल नेगी मौत मामले में भाजपा पर हमला बोला और कहा कि वह इस मामले की आढ़ में अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने और सरकार को गिराने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में सभी प्रकार की जांच के लिए तैयार है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश के विकास को ताला लगा दिया है। जयराम ठाकुर ने आज चंबा में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जैसी आर्थिक बदहाली आज है वैसी कभी नहीं आई। उन्होंने कहा कि दुनिया ने कोरोना जैसी महामारी भी देखी लेकिन कभी विकास कार्य नहीं रूके। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों ने कांग्रेस सरकार को काम के लिए चुना लेकिन अब ऐसा महसूस हो रहा है कि कांग्रेस सरकार काम करने नहीं बल्कि चल रहे कार्यों को बंद करने के लिए सत्ता में आई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार ने सत्ता में आने के बाद से अब तक राज्य में लगभग 2 हजार संस्थान बंद कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल केवल भाजपा व केंद्र सरकार को कोसने में निकल गया। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री पर प्रदेश को कर्ज के दलदल में डुबो देने का आरोप लगाया।

**एक्ट**

प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने के लिए राज्य सरकार ने नवगठित शहरी स्थानीय निकायों में हिमाचल प्रदेश ओपन प्लेसिज एक्ट 1995 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने का फैसला किया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि इस एक्ट के तहत सार्वजनिक संपत्ति को खराब करने पर जुर्माने और कारावास का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ये कानून मूल रुप से सार्वजनिक स्थानों पर विज्ञापनों को बिना इज़ाजत लगाने को लेकर है। प्रवक्ता ने कहा कि सभी लक्षित क्षेत्रों में इस कानून के एक समान कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार ने अतिरिक्त शहरी स्थानीय निकायों में अधिनियम के प्रर्वतन को मंजूरी दी है।

**मौसम**

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने करवट बदली है। राज्य के मंडी, चंबा, किन्नौर, लाहौल स्पीति और कुल्लू ज़िला में आज दोपहर बाद कई स्थानों पर झमाझम वर्षा हुई। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई जबकि किन्नौर और लाहौल स्पीति की ऊंची पहाड़ियों पर हल्के हिमपात की सूचना है। मौसम में ये बदलाव हिमालय क्षेत्र में सक्रिय हुए ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आया है। हमारी किन्नौर संवाददाता सुमेश नेगी ने बताया कि ज़िले में लंबे समय के बाद हुई वर्षा से लोगों ने राहत की सांस ली है। हमारे मंडी संवाददाता मुनीष सूद के अनुसार मंडी शहर व आसपास के इलाकों में लगातार दो घंटे तक झमाझम वर्षा हुई जबकि ज़िले के कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। राजधानी शिमला में भी आज सांय अधंड़ के साथ वर्षा हुई। ज़िले के ऊपरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी सूचना है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 12 घंटों के दौरान चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, मंडी, शिमला और सिरमौर ज़िलों में कहीं–कहीं गरज चमक के साथ ओलावृष्टि की संभावना जताई है। विभाग ने कुल्लू, मंडी और शिमला ज़िलों के लिए कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चलने और आसमानी बिजली गिरने का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

## अग्निवीर

ऊना, हमीरपुर व बिलासपुर के युवाओं के लिए प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में ऑनलाईन पंजीकरण की अंतिम तिथि को 25 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बी.एस. भंडारी ने कहा कि इच्छुक अभ्यार्थी भारतीय सेना की अधिकारिक वैबसाईट ज्वाइंन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर 25 अप्रैल तक ऑनलाईन पंजीकरण कर सकते हैं।

## सूही मेला

चंबावासियों की प्यास बुझाने के लिए अपना बलिदान देने वाली रानी सुनैना की याद में मनाया जाने वाला ऐतिहासिक सूही मेला आज चंबा में विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हो गया। मेले का शुभारम्भ चंबा के विधायक नीरज नैयर ने किया। इस मौके पर एक शोभा यात्रा भी निकाली गई जिसमें स्कूली बच्चों सहित चंबा के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। नीरज नैयर ने इस अवसर पर कहा कि सूही मेले को राज्यस्तरीय मेले का दर्जा दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

## वृद्धाश्रम

प्रदेश सरकार के बसंतपुर स्थित वृद्धाश्रम को सरकार की ओर से अनुदान ने मिलने से यहां रह रहे बुजुर्गों और कर्मचारियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्वयं सेवी संस्था उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के सचिव को पत्र लिखकर इस मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि इस वृद्धाश्रम को दो महीने से सरकार की तरफ से कोई ग्रांट नहीं आई है।

## कर्ण नंदा

भाजपा सोलन मंडल द्वारा आज सोलन में सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सदस्यता अभियान का मुख्य उदेश्य कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन–जन तक पहुंचाना है। कर्ण नंदा ने इस मौके पर प्रदेश सरकार पर भी राजनीतिक हमला बोला और कहा कि राज्य में माफिया राज चल रहा है और विकास कार्य ठप्प हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–चुनावी गारंटियों को लेकर झूठ बोल रहे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।
- भाजपा नेता व विधायक बिक्रम ठाकुर ने पावर कॉरपोरेशन पर लगाया बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप–कांग्रेस नेताओं ने कहा– राजनीतिक रोटियां सेक रही हैं भाजपा।
- प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश ओपन प्लेसिज एक्ट के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने का लिया निर्णय।
- प्रदेश में मौसम ने करवट ली– ऊंची चोटियों पर हिमपात–निचले क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि से लोगों को चिलचिलाती गर्मी से मिली राहत।

———————————————